एक नजर में

## देर रात मारपीट करने वाले तीन आरोपी पकड़ाए



इंदौर. शहर में अपराध नियंत्रण के निर्देशों के तहत थाना भंवरकुंआ ने देररात्रि झगड़ा-मारपीट के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई देर रात संत नगर पैलेस पिपलियाराव इलाके में हुई घटना के बाद की गई. भंवरकुंआ थाना प्रभारी राजकुमार यादव ने बताया कि फरियादी जितेन्द्र तंवर और आरोपियों अभिषेक बामनिया, डेवीड भुरिया व सुजल चौहान के बीच पुराने विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था. आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर फरियादी के साथ मारपीट की. शिकायत मिलने पर पुलिस ने अपहरण, मारपीट समेत कई धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था. पुलिस ने विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश की, जिसमें गणेश नगर में रहने वाला 18 वर्षीय अभिषेक बामनिया, राहुल गांधी नगर में रहने वाला 18 वर्षीय डेवीड भुरिया और कुशवाह का बगीचा में रहने वाला 18 लवर्षीय सुजल चौहान को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई. जांच में पता चला कि पूर्व में भी फरियादी और आरोपियों के बीच इसी वजह से झगड़ा हुआ था. पुलिस आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है.

## कोरोना 48 घंटे में मिले 5 नए मरीज

इंदौर. शहर में कोरोना वायरस ने एक बार फिर दस्तक दी है. बीते दो दिनों में कोरोना संक्रमण के पांच नए मामले सामने आए हैं, जिनमें एक मरीज बिना किसी यात्रा के संक्रमित पाया है. चिंता की बात यह है कि रविवार से संक्रमितों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही है, लेकिन अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मरीजों में कौन सा वैरिएंट सक्रिय है. स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, सोमवार को दो युवक संक्रमित पाए गए. इनमें एक 21 वर्षीय युवक देवास का है, जिसने हाल ही में यात्रा की थी, वहीं दूसरा युवक 34 वर्ष का है और इंदौर का निवासी है. उसकी कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है, लेकिन वह संक्रमित निकला. फिलहाल उसे होम आइसोलेशन में रखा गया है जहां उसकी स्थिति सामान्य है. रविवार को भी तीन कोरोना संक्रमित मरीज मिले थे. इनमें एक इंदौर का निवासी था, जबकि दो अन्य में एक देवास और दूसरा आसपास के जिले का बताया गया. इंदौर निवासी मरीज 37 वर्षीय युवक है, जिसे हल्के लक्षण थे और उसे भी होम आइसोलेट कर दिया. जनवरी से अब तक इंदौर जिले में कोरोना संक्रमण के 23 मामले दर्ज हो चुके हैं. हालांकि इनमें से अधिकांश मरीजों में गंभीर लक्षण नहीं पाए गए हैं. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीएस सेतिया ने बताया कि जिन मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है, उनकी संपर्क हिस्ट्री खंगाली जा रही है. साथ ही उनके सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए एम्स भोपाल भेजे गए हैं, ताकि वैरिएंट की पहचान की जा सके. हालांकि, अभी तक भेजे गए सैंपलों की रिपोर्ट नहीं आई है. डॉ. सेतिया ने हाल ही में सामने आई एक महिला की मौत के मामले में भी स्पष्ट किया कि वह अप्रैल महीने की घटना है. महिला संक्रमित जरूर थी, लेकिन उसकी मौत का कारण किडनी सहित अन्य बीमारियां थीं. फिलहाल संक्रमितों में सिर्फ सामान्य सर्दी-खांसी जैसे लक्षण हैं. अधिकतर मरीज खुद ही जांच के लिए आगे आए हैं. स्वास्थ्य विभाग लगातार सतर्क है, लेकिन आमजन को भी सावधानी बरतने की जरूरत है ताकि यह चेन दोबारा आगे न बढ़े.वहीं स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि सर्दी-खांसी या बुखार जैसे लक्षण दिखें तो जांच जरूर कराएं और मास्क, दूरी जैसे नियमों का पालन करें.

## सेवा निवृत्त शिक्षक को मिली ग्रेच्युटी



इंदौर. अध्यापक संवर्ग से सेवा निवृत्ति शिक्षक राजेंद्र कामदार इंदौर जिले के पहले व्यक्ति है जिन्हें ग्रेजुटी की राशि प्राप्त हुई है. ग्रेच्युटी की राशि स्वीकृत करवाने में विकास खंड अधिकारी दीपशिखा आचले लेखा अधिकारी मंजू राजपाल प्रभारी प्राचार्य मुकेश मीणा, शुभम वर्मा, धुव कुमार शर्मा, महेंद्र चौधरी का सहयोग रहा. अध्यापक/ शिक्षक संवर्ग में मध्यप्रदेश में पहली बार ग्रेजुएट की राशि प्राप्त होने पर पवन चौधरी, राजेश ठाकुर, रतनलाल यादव, देवी सिंह कुशवाहा राजकुमार ठाकुर राकेश मीणा, कमल जाट, सुभाष ताजी, दिनेश पाल, हिमांशु चंद तिवारी, गोपाल कुमरावत,बाबू सिंह ठाकुर आदि द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया.

## देपालपुर में अभ्यास वर्ग का समापन



देपालपुर. नगर के खजराया रोड़ पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विघालय में हिन्दू जागरण मंच जिला महू, मालवा प्रांत का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग का समापन हुआ. जिला अभ्यास वर्ग में प्रांत के अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को समाज हित के लिए सदैव तत्पर रहने का प्रशिक्षण दिया व मार्गदर्शित किया संघ के फायर ब्रांड संगठन हिंदू जागरण मंच में जिले व खंड के नवीन दायित्वों की घोषणा भी की गई. इस अवसर पर प्रांत कार्यकारिणी के धीरज यादव, हेमंत शर्मा, मोनू गौर, अनीश अरझरे, जिला संयोजक रमेश जाट एवं जिला सह संयोजक हितेश पाठक, अभिषेक तिवारी व सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## रंजिश में पड़ोसी ने घर में घुसकर किया हमला

**इंदौर.** रंगवासा के बलाई मोहल्ला में पुरानी रंजिश के चलते एक बुजुर्ग के सिर पर सरिया से हमला कर दिया. आरोपी ने घर में घुसकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी भी दी. पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. शिकायत लक्ष्मी सोलंकी ने थाने पहुंच कर पुलिस को बताया कि वह अपने पति दशरथ सोलंकी और बहू पायल के साथ घर में थीं, तभी पड़ोसी रवि मांगीलाल सोलंकी सरिया लेकर आया और गाली-गलौज करते हुए अंदर घुस गया, विरोध करने पर उसने सरिया से दशरथ के सिर पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया. घटना के बाद आरोपी फरार हो गया. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है. घायल बुजुर्ग का इलाज कराया जा रहा है. पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है.

# 76 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ नशे का सौदागर गिरफ्तार

- ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत की कार्रवाई
- पुलिस ने 70 लाख का माल किया जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. अवैध नशे के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत तेजाजीनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने 76 ग्राम एमडी ड्रग्स मेफेड्रोन ग्रेड के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है. जब्त किए गए नशीले पदार्थ की कीमत करीब 70 लाख रुपए बताई जा रही है. आरोपी के खिलाफ पहले भी कई थानों में मादक पदार्थों की तस्करी के प्रकरण दर्ज हैं.**



पुलिस उपायुक्त जोन 01 विनोद कुमार मीना, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार शर्मा और सहायक पुलिस आयुक्त रविन्द्र बिलवाल के निर्देश पर तेजाजीनगर पुलिस ने सोमवार को रालामंडल रोड क्षेत्र में संदिग्धों की चैकिंग के दौरान यह कार्रवाई की. एक युवक को पुलिस टीम ने संदिग्ध हालत में आते देखा, जो पुलिस को देखकर घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा. टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा. पूछताछ में उसने अपना नाम ताहीर उर्फ सेंडी बाला शाह उम्र 28 साल निवासी अमन नगर, मूसाखेड़ी बताया. तलाशी लेने पर उसके पास से 70 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अंतररराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 70 लाख रुपये बताई जा रही है. तस्कर से पूछताछ की जा रही है कि यह ड्रग्स कहां से लाई गई थी और किन लोगों को इसकी सप्लाई की जानी थी. साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह किसी बड़े गिरोह से जुड़ा हुआ है या नहीं. अधिकारियों का कहना है कि ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत ऐसे तत्वों की धरपकड़ जारी रहेगी और शहर में नशे के नेटवर्क को पूरी तरह तोड़ने का प्रयास किया जा रहा है.

# बालिकाओं की बरामदगी, 52 परिवारों को लौटाई खुशी

- लंबे इंतजार के बाद परिजनों को मिली खुशी

नवभारत न्यूज

**इंदौर. ग्रामीण पुलिस ने एक विशेष अभियान के तहत 52 नाबालिग बालिकाओं को सकुशल खोज निकाला और उन्हें उनके परिजनों के हवाले कर दिया. यह अभियान प्रदेश पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर पूरे मध्य प्रदेश में चलाया गया था, जिसमें इंदौर ग्रामीण जिले ने सफलता दर्ज की है.**

अभियान के दौरान जिले के सभी थानों में विशेष टीमों का गठन किया था, जो लगातार बालिकाओं की तलाश में जुटी रहीं. थाना सांवेर और गौतमपुरा ने 100 प्रतिशत सफलता हासिल करते हुए सभी बालिकाओं को परिवार से मिलवाया. वहीं किशनगंज, बेटमा और सिमरोल थानों ने भी 60 से 80 प्रतिशत केस सुलझाए. विशेष बात यह रही कि कई बालिकाएं गुजरात, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और राजस्थान से भी बरामद हुईं. ग्रामीण पुलिस की सतत मेहनत से बालिकाओं को लंबी दूरी से ढूंढ निकालकर सुरक्षित इंदौर लाया गया. यह अभियान ऐसे समय में शुरू हुआ, जब जिले में बालिकाओं के गुम होने के मामले लगातार बढ़ रहे थे और परिजन मानसिक रूप से परेशान थे. पुलिस की इस सफलता से परिवारों को बड़ी राहत मिली है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आम जनता में भरोसा बढ़ा है.

# ब्राउन शुगर की तस्करी करते पकड़ाया रिक्शा चालक

### दो लाख की ड्रग्स की जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. क्राइम ब्रांच की टीम ने एक युवक को 20 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है. जब्त ड्रग्स की अंतराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 2 लाख रुपए बताई गई है. आरोपी सस्ते दामों पर नशा खरीदकर इंदौर में नशे के आदी युवाओं को महंगे दामों पर बेचने का काम कर रहा था. पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है.**



क्राइम ब्रांच की टीम ने उक्त कार्रवाई एमआर-10 ब्रिज के नीचे रेलवे पटरी के पास की. चेकिंग के दौरान वहां एक संदिग्ध युवक दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा. टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और पूछताछ की तो उसने अपना नाम विशाल पसाया उम्र 30 साल निवासी नॉर्थ मुसाखेड़ी, चिराड़ मोहल्ला बताया. आरोपी के कब्जे से 20 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल जब्त किया है. विशाल 12वीं तक पढ़ा है और आमतौर पर गैस टंकी लोडिंग रिक्शा चलाकर जीवन यापन करता है. मामले की जांच जारी है और पुलिस यह भी पता लगा रही है कि वह किस नेटवर्क से जुड़ा हुआ था.

# दिल्ली-यूपी के व्यापारियों ने शहर के व्यापारी वाधवानी से की मारपीट

नव भारत न्यूज

**इंदौर. जूनी इंदौर थाना क्षेत्र के पलसीकर चौराहे पर सोमवार दोपहर पान-मसाला कारोबारी किशोर वाधवानी की कार को दिल्ली और उत्तर प्रदेश से आए करीब 50 व्यापारियों ने रोककर घेर लिया. आरोप है कि किशोर ने उनका बकाया भुगतान नहीं किया. तीन दिन से इंदौर में डटे इन व्यापारियों ने आज उस पर हमला कर दिया.**



व्यापारियों ने किशोर को कार से बाहर निकालकर सड़क पर जमकर मारपीट की. सुरक्षा गार्ड ने हस्तक्षेप किया तो आरोपियों ने उसकी लाइसेंसी बंदूक भी छीन ली. इससे इलाके में हड़कंप मच गया. पुलिस के अनुसार, अभी तक किसी पक्ष ने लिखित शिकायत नहीं दी है, लेकिन वायरल हुए वीडियो के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस ने इसे आपसी विवाद बताया है.

# निर्माणाधीन मकान और छत पर काम करते समय दो मजदूरों की मौत

**इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र और द्वारकापुरी इलाके में करंट लगने से दो मजदूरों की मौत हो गई.दोनों ही मामलों में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज जांच शुरु की.**

पहली घटना एरोड्रम थाना क्षेत्र की हैं यहां एक निर्माणाधीन मकान पर काम कर रहा युवक टेप देते समय बिजली के तारों की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई. एरोड्रम पुलिस थाना प्रभारी वरुण सिंह भाटी ने बताया कि हादसा हातोद में रहने वाले 25 वर्षीय दुर्गेश



पिता अजय सिंह तोमर के साथ हुआ. वह एरोड्रम क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान पर काम कर रहा था. दोपहर में वह छत पर खड़ा था. इसी दौरान एक साथी ने उससे मेजरमेंट टेप मांगी. दुर्गेश ने ऊपर से टेप नीचे खड़े मजदूर को देना चाहा. टेप खुली हुई थी और इसी दौरान पास से गुजर रही बिजली की खुली लाइन से टकरा गई. तेज झटका लगते ही दुर्गेश छत से नीचे गिर पड़ा. घायल हालत में उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया. इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. वहीं दूसरी घटना द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के विदुर नगर की है, यहां रहने वाले 45 वर्षीय अजमल पिता जयसिंह चौहान अपने घर की छत पर कपड़े उतार रहे थे. इसी दौरान एक कपड़ा छत के पिछले हिस्से में गिर गया. जब अजमल लोहे की पाइप से कपड़ा उठाने लगे, तो पाइप पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और करंट लगते ही वे बुरी तरह झुलस गए. उन्हें तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया. दोनों ही मामलों मे पुलिस जांच कर रही है.

# मजदूरी को लेकर विवाद में युवक की सिर पर ईंट मारकर हत्या

- अलग-अलग घटनाओं में दो मजदूरों की मौत
- एक की हत्या, दूसरा संदिग्ध हालात में घायल मिला

**इंदौर. शहर के दो इलाकों में दो मजदूरों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई. पहली घटना बाणगंगा थाना क्षेत्र स्थित गोविंद नगर खारचा की है, जहां मजदूरी को लेकर हुए विवाद में एक युवक की सिर पर ईंट मारकर हत्या कर दी गई. दूसरी घटना पलासिया थाना क्षेत्र की है, जहां नशे की हालत में एक युवक घायल हालत में मिला और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई.**

बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि मृतक की पहचान 45 वर्षीय निरंतर के रूप में हुई है, जो मजदूरी करता था, रविवार दोपहर उसे गंभीर हालत में परिचित द्वारा एमवाय अस्पताल ले गए थे, उसके सिर और नाक पर गहरी चोटें थीं. प्राथमिक जांच में सामने आया कि दो दिन की मजदूरी को लेकर उसका साथी सुनील से विवाद हुआ था, सुनील ने उसे पुल के नीचे ले जाकर ईंट से हमला कर दिया. पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है. अन्य चश्मदीदों से पूछताछ की जा रही है. दूसरी घटना पलासिया थाना क्षेत्र की है, विनोबा नगर में 27 वर्षीय धर्मेंद्र मिश्रीलाल घायल हालत में सड़क पर पड़ा मिला. परिचित रफीक ने उसे एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई. धर्मेंद्र बेलदारी का काम करता था और इन दिनों वहीं रह रहा था. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है, प्रारंभिक तौर पर यह माना जा रहा है कि नशे की हालत में गिरने से उसकी मौत हुई, हालांकि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

# चाकू की नोंक पर किन्नर महिला से जेवरात और नगदी लूटे

इंदौर. विजयनगर इलाके में दो किन्नर समूहों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया. एक समूह ने चाकू की नोंक पर दूसरी किन्नर से उसकी कीमती सोने की चूड़ियां, झुमके, चैन, अंगूठियां और नकदी जबरन छीनी ली. इसके साथ ही उन पर दबाव बनाकर खाली स्टांप पेपर पर जबरन हस्ताक्षर कराए गए. पीड़ित महिला ने रविवार को इस घटना की शिकायत पुलिस को दी,

जिसके बाद दो आरोपियों समेत उनके साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.विजय नगर पुलिस ने बताया कि घटना मुक्तिधाम के पास हुई. लूटपाट के दौरान आरोपियों ने धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो जान से मार दिया जाएगा. पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने मानसिक दबाव भी बनाया ताकि वह उनके समूह में शामिल हो जाए. पुलिस ने दोनों पक्षों की पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच कर रही है. पुलिस ने चेतावनी दी है कि इस तरह की घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

## तिलक नगर में पुराने विवाद में युवक से मारपीट

**इंदौर.** तिलक नगर थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ मारपीट की वारदात सामने आई है. स्कीम नंबर 140 निवासी संजू मालवीय ने पुलिस को बताया कि आईडीए मल्टी में रहने वाले शीतल और विवेक ने पहले उसे गाली-गलौज की, फिर विरोध करने पर जमकर पीटा और जान से मारने की धमकी दी.

# जॉब के नाम पर नाबालिग से अश्लील कॉल कराने का बनाया दबाव

### मना करने पर फोटो-वीडियो वायरल करने की दी धमकी

**इंदौर. गांधी नगर क्षेत्र में रहने वाली एक नाबालिग किशोरी को नौकरी के बहाने अश्लील कॉल कराने और पैसों की वसूली करने के लिए मजबूर करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है. विरोध करने पर आरोपी युवतियों ने किशोरी को फोटो-वीडियो एडिट कर बदनाम करने की धमकी दी. मामले में पुलिस ने दो युवतियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की.**

पीड़िता कल्याण संपत विहार की रहने वाली है. वह हाल ही में सुपर कॉरिडोर क्षेत्र में स्थित एंजल वन नामक ऑफिस में नौकरी पर गई थी. करीब बीस दिन काम करने के बाद ऑफिस का माहौल संदिग्ध लगने पर उसने नौकरी छोड़ दी. 26 मई को किसी काम से वह ऑफिस पहुंची, जहां उसके साथ अभद्रता हुई. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि ऑफिस में काम करने वाली आकृति दुबे और आयुषी नंदनवन ने उसे फोन कॉल के जरिए अश्लील बातें करने और क्लाइंट्स से पैसे वसूलने का दबाव बनाया. जब उसने मना किया तो आरोपी युवतियों ने उसे गालियां दीं और धमकी दी कि यदि उसने किसी को कुछ बताया, तो उसके फोटो-वीडियो अश्लील तरीके से एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे. धमकी से घबराई किशोरी ने घर जाकर मां को पूरी बात बताई. इसके बाद परिजन उसे लेकर गांधी नगर थाने पहुंचे, जहां एफआईआर दर्ज की गई. पुलिस ने दोनों युवतियों के खिलाफ प्रताड़ना और धमकी देने के आरोप में प्रकरण दर्ज किया है. गांधी नगर पुलिस अब ऑफिस एंजल वन की कार्यप्रणाली और वहां मौजूद अन्य कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच कर रही है. फिलहाल आरोपी युवतियों से पूछताछ की तैयारी की जा रही है. पुलिस का कहना है कि जरूरत पड़ने पर ऑफिस को भी सील किया जा सकता है.

परेशानी ▶ मामला मालवा मिल के गोमा की फेल इलाके का

# वृद्धों को नहीं मिल रही पेंशन, चक्कर लगाकर परेशान



**इंदौर. केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा कई योजानाओं में बदलाव किया गया जिसका सीधा असर हितग्राही पर पड़ने लगता है. कई दिक्कतों का समना करना पड़ रहा है. इनमें सबसे ज्यादा बुजुर्गों की तादाद ज्यादा है, जो पूरी तरह से असहाय है.**

एक बार फिर वृद्धा पेंशन का मामला सामने आया है, जहां एक नहीं बल्कि सैकड़ों हितग्राही अपनी पेंशन को लेकर परेशान है. शहर का सबसे पुराना मिल क्षेत्र है, जहां शुरू से ही मज़दूर वर्ग निवास करता आ रहा है. इस क्षेत्र में आधे से ज़्यादा हिस्सा मध्य एवं निम्न वर्ग में आता है. यहां बुजुर्गों की संख्या भी अधिक है. पूर्व में जब मिलों को दिवालिया घेषित किया था तब भी कई दंपतियों को गहरा सदमा पहुंचा था. अब भी यही हाल दिखाई दिया है. क्षेत्र के मालवा मिल में गोमा की फेल के पीपल चौक पहुंच कर कई बुजुर्ग दंपति मिले हैं, जिन्हें अपनी बंद हुई पेंशन को दोबारा शुरू करवाने के लिए झोन एवं नगर निगम चक्कर लगाना पड़ रहे है. फिर भी इन्हें योजना का लाभ दोबारा मिलाना शुरू नहीं हुआ. बताया जाता है कि बैंक केवाईसी और मौलिक दस्तावेजों की पूर्ति करने के लिए पेंशन रूक जाती है लेकिन हितग्राहियों द्वारा पूरे प्रमाण कर केवाईसी भी कर दी गई लेकिन कुछ हासिल नहीं हो सका.

### इनका कहना है . . .



पिछले आठ वर्ष से पेंशन का लाभ मिल रहा था जो बंद हो गई है. चार महीने में दो बार पूरे कागज जमा कर दिए केवाईसी भी हो गई. अब बार-बार चक्कर लगवाते हैं. हर बार आश्वासन देते है.

**- तारा चंद**



बैंक में कागज जमा किए. मेरे सामने बैंक वालो ने डायरी में इंट्री की थी लेकिन अभी तक खाते में पेंशन के पैसे नहीं आए. क्षेत्र में मुझ जैसे एक नहीं ढेरों बुजुर्ग हैं जो परेशान हो रहे हैं.

**- अर्जुन सिंह बड़ोलिया**



पांच साल से पेंशन मिल रही थी दो महीनें हो गए बंद कर दी. मात्र छः सौ रूपय मिलते थे. हालांकि महंगाई के समय में छः सौ रूपये कहां लगते हैं. सरकार को पेंशन के पैसे बढ़ाना चाहिए.

**- तुलसी राम कोरी**



पानी की टंकी पर झोन पर बैंक में पेंशन दोबारा शुरू करवाने के लिए पिछले डेढ़ वर्ष से चक्कर लगा-लगा कर चप्पलें छिल गई. पचास बार हो आए वहां पर एक अधिकारी दूसरे के पास पहुंचाते है.

**- कृष्णा बाई**